

# वृंदावन के कलाकारों ने खेली लट्ठमार होली

**अग्रवाल समाज का स्नेह सम्मेलन और होली मिलन कार्यक्रम**

**भोपाल, 9 मार्च.** अग्रवाल समाज का स्नेह सम्मेलन होली मिलन कार्यक्रम रविवार देर रात को गुफा मंदिर मानस उद्यान में हुआ. आयोजन में वृंदावन से आए कलाकारों द्वारा प्रसिद्ध लठ मार होली और राधाकृष्ण के साथ मनमोहक नृत्य की प्रस्तुति दी. वहीं बनारस से आए कलाकारों की मसाने की होली, नृत्य और अन्य रंगारंग कार्यक्रमों ने सभी का मन मोह लिया. कार्यक्रम में समिति अध्यक्ष लक्ष्मीनारायण बंसल, सचिव मधुर अग्रवाल के साथ ही भोपाल में निवासरत अग्रवाल बंधु सपरिवार शामिल हुए.

# चरित्रवान पीढ़ी तैयार करने की जरूरत

## राज्यपाल ने किया 'समुत्कर्ष' नि:शुल्क कोचिंग के नवीन सत्र का शुभारंभ

**भोपाल, 9 मार्च. जीवन में बड़ा बनना अच्छी बात है पर अच्छा बनना और बड़ी बात है. चरित्रवान पीढ़ी तैयार करने में बहुत समय लगता है. इसके लिए समाज में अभी भी बहुत काम करने की आवश्यकता है. यह बात राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने कही. वे हर्षवर्धन नगर स्थित सरस्वती विद्या प्रतिष्ठान में भाऊराव देवरस सेवा न्यास द्वारा संचालित 'समुत्कर्ष' कोचिंग संस्थान के द्वितीय सत्र के शुभारंभ अवसर पर कार्यक्रम को मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित कर रहे थे.**

राज्यपाल पटेल ने कहा कि विद्या भारती शिक्षा के क्षेत्र में मानवता एवं सेवा से जुड़े पुनीत कार्य कर रही है. विद्या भारती के पूर्व छात्र दुनियाभर में विभिन्न कार्यों में अपना विशिष्ट योगदान दे रहे हैं. विद्या भारती के पूर्व छात्र



इस कोचिंग संस्थान के माध्यम से आर्थिक रूप से कमजोर विद्यार्थियों को प्रतियोगी परीक्षाओं हेतु मार्गदर्शन प्रदान करने का कार्य कर रहे हैं. इस दिशा में ग्रामीण क्षेत्रों में जाकर युवाओं से संवाद एवं प्रोत्साहन करने की आवश्यकता भी है. राज्यपाल ने कोचिंग संस्थान के नवीन सत्र के लिए चयनित विद्यार्थियों को परिश्रम एवं लगन से प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करने की प्रेरणा दी.

कार्यक्रम का संचालन विद्या भारती पूर्व छात्र परिषद प्रान्त संयोजक आशुतोष गुप्ता ने किया. कार्यक्रम के आरंभ में समुत्कर्ष कोचिंग संस्थान के संयोजक सुधांशु गोयल ने संस्थान के विषय में जानकारी दी. आभार विद्या भारती के प्रान्त उपाध्यक्ष आशीष जोशी ने व्यक्त किया

> कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्या भारती अखिल भारतीय शिक्षा संस्थान के अखिल भारतीय अध्यक्ष डॉ रविंद्र कान्हेरे ने की. विशिष्ट अतिथि के रूप में विद्या भारती मध्य भारत प्रांत के प्रांत संगठन मंत्री निखिलेश महेश्वरी एवं भाऊराव देवरस सेवा न्यास के अध्यक्ष बनवारी लाल सक्सेना एवं समुत्कर्ष कोचिंग संस्थान के संयोजक सुधांशु गोयल भी उपस्थित थे. डॉ. कान्हेरे ने कहा कि विद्या भारती देशभर के 11 क्षेत्रों में 30 हजार से अधिक विद्यालयों का संचालन कर रही है. विद्या भारती शिक्षा के साथ विद्यार्थियों में संस्कार, राष्ट्र प्रेम से युक्त चरित्र वान एवं राष्ट्र के प्रति समर्पित विद्यार्थी तैयार करती है.

## एक नजर में



### एम्स भोपाल में बच्चों का कराया स्वर्ण प्राशन

**भोपाल, 9 मार्च.** बच्चों के शारीरिक व मानसिक विकास को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से एम्स भोपाल के आयुष विभाग में स्वर्ण प्राशन कार्यक्रम आयोजित किया गया. कार्यपालक निदेशक प्रो. (डॉ.) माधवानन्द कर के मार्गदर्शन में स्वर्ण प्राशन आयुर्वेद ओपीडी में संपन्न हुआ. स्वर्ण प्राशन कार्यक्रम वर्ष 2022 से प्रत्येक माह पुष्य नक्षत्र के दिन नियमित रूप से एम्स भोपाल में नि:शुल्क आयोजित किया जा रहा है. इस कार्यक्रम में कुल 108 बच्चों ने भाग लिया, जिनमें 65 पूर्व पंजीकृत और 43 नए बच्चे शामिल रहे. आयुर्वेद चिकित्साधिकारी डॉ. रंजना पांडे ने बच्चों एवं अभिभावकों को स्वर्ण प्राशन के लाभों के प्रति जागरूक किया.



### महिलाओं के बिना समाज का अस्तित्व नहीं : साहू

**भोपाल, 9 मार्च.** एलएनसीटी यूनिवर्सिटी में महिलाओं के सशक्तिकरण एवं उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करने के लिए अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस मनाया गया. कार्यक्रम का आयोजन स्कूल ऑफ लीगल स्ट्डीज द्वारा किया गया. महिला दिवस की मुख्य थीम 'गिव टू गेन' (देकर पाएं) रखी गई, जो लैंगिक समानता को बढ़ावा देने के लिए पारस्परिक समर्थन और सहयोग पर जोर देती है. कार्यक्रम का प्रारंभ दीप प्रज्वलन तथा गणेश वंदना से हुआ. प्रो. (डॉ.) मुकेश कुमार साहू ने सभी को संबोधित करते हुए बताया कि महिलाएं इस सृष्टि की सृजनकर्ता हैं तथा उनके बिना समाज के अस्तित्व की कल्पना भी नहीं की जा सकती.



### विद्यार्थियों ने किया ओसवाल डेनिम का भ्रमण

**भोपाल, 9 मार्च.** स्कोप ग्लोबल स्किल्स यूनिवर्सिटी भोपाल के स्कूल ऑफ बैंकिंग, फाइनेंस एंड कॉमर्स द्वारा बी.कॉम विद्यार्थियों के लिए राजगढ़ जिले के पिलुखेड़ी स्थित ओसवाल डेनिम लिमिटेड का औद्योगिक भ्रमण आयोजित किया गया. इस औद्योगिक भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों को उद्योगों में प्रबंधन, लागत नियंत्रण तथा सप्लाई चेन मैनेजमेंट की महत्वपूर्ण भूमिका को समझने का अवसर मिला. बैंकिंग एवं एवं कॉमर्स के नजरिये से छात्रों ने कक्षा में पढ़ाए जाने वाले प्रिंसिपल्स को वास्तविक औद्योगिक प्रक्रियाओं से जोड़कर समझा. उन्हें यह भी जानकारी मिली कि उद्योग किस प्रकार कार्यशील पूंजी वित्त, मशीनरी के लिए टर्म लोन, ट्रेड फाइनेंस तथा निर्यात वित्त जैसी बैंकिंग सेवाओं पर निर्भर रहते हैं.

## जनजातीय संग्रहालय में इंद्राणी समारोह आज से

**भोपाल, 9 मार्च.** मप्र जनजातीय संग्रहालय द्वारा 10 से 12 मार्च तक महिलाओं की सृजनात्मकता का उत्सव इंद्राणी समारोह का आयोजन किया जा रहा है. सायं 6.30 बजे से आयोजित समारोह में 10 मार्च, मंगलवार को नादलय रंजनी पंच वाद्य- रंजनी वेंकटेश एवं साथी- कर्नाटक, बुन्देली जस गायन सौम्या बुधोलिया एवं साथी- सागर, चिल्लौरी नृत्य कोरकू जनजातीय- जमुनाबाई एवं साथी- हरदा, महारी नृत्य अभिप्सा दास एवं साथी- ओडिसा, ढोलूकुनिथा नृत्य पुष्पलता एवं साथी- आंध्रप्रदेश द्वारा प्रस्तुति दी जायेगी. बुधवार को भक्ति गायन आस्था गोस्वामी एवं साथी- उत्तरप्रदेश, शक्ति: कथक शैली-ऋतुश्री चौधरी एवं साथी- दिल्ली, नौरता नृत्य दूर्वा नामदेव सागर, सैताम नृत्य भारिया जनजातीय - अंकिता एवं साथी- छिंदवाड़ा, गरबा/टीपणी नृत्य मीति हसमुखराय की प्रस्तुति का संयोजन किया जायेगा.

# वेद मिथक नहीं, हमारी सांस्कृतिक चेतना का आधार : आरती दुबे

**हिन्दी लेखिका संघ की मासिक साहित्यिक गोष्ठी**

**भोपाल, 9 मार्च. हिन्दी लेखिका संघ की मासिक साहित्यिक गोष्ठी 'नारी और हास्य' विषय पर विश्व संवाद केंद्र, शिवाजी नगर में संपन्न हुई. कार्यक्रम की अध्यक्षता वरिष्ठ साहित्यकार डॉ. संतोष श्रीवास्तव ने की. मुख्य अतिथि के रूप में भारतीय ज्ञान परंपरा और वैदिक साहित्य की व्याख्याता डॉ. आरती दुबे उपस्थित रहीं.**

कार्यक्रम का स्वागत वक्तव्य हिन्दी लेखिका संघ की प्रांताध्यक्ष डॉ. साधना गंगराड़े ने दिया. उन्होंने कहा कि साहित्य समाज की संवेदनाओं को अभिव्यक्त करने का सशक्त माध्यम है और महिला लेखिकाएं आज विभिन्न विषयों पर अपनी सशक्त उपस्थिति दर्ज करा रही हैं.

मुख्य अतिथि डॉ. आरती दुबे ने अपने उद्बोधन में कहा कि जब भारतीय परंपरा की चर्चा होती है तो साहित्य के सभी मंच वेदपीठ बन जाते हैं. उन्होंने कहा कि वैदिक वाङ्मय में नारी की छवि अत्यंत अनुकरणीय है. वेद मिथक नहीं हैं, बल्कि



उनका संस्कार और डीएनए आज भी हमारे भीतर विद्यमान है. भारत केवल कृषि प्रधान ही नहीं, बल्कि ऋषि प्रधान देश भी है. उन्होंने कहा कि भारतीय संस्कृति और ज्ञान परंपरा को एक पीढ़ी से दूसरी पीढ़ी तक पहुंचाना हम सबकी जिम्मेदारी है.

अध्यक्षीय उद्बोधन में डॉ. संतोष श्रीवास्तव ने सभी लेखिकाओं की रचनाओं की सराहना करते हुए कहा कि नारी सम्मान के क्षेत्र में अभी बहुत कार्य होना शेष है. समाज से बाल विवाह और दहेज प्रथा जैसी कुरीतियों का पूरी तरह अंत होना चाहिए तथा विधवा विवाह को भी सामाजिक स्वीकृति मिलनी चाहिए. उन्होंने कहा कि आज भी स्त्री पितृसत्तात्मक ढांचे के बीच अपनी पहचान और अधिकारों के लिए संघर्ष कर रही है, इसलिए इन मुद्दों पर निरंतर संवाद आवश्यक है. इस अवसर पर वरिष्ठ लेखिका शीला श्रीवास्तव के बाल कहानी संग्रह 'हौसलों की उड़ान' का विमोचन भी किया गया.

> गोष्ठी में हास्य और नारी विषय पर रचनापाठ का क्रम भी अत्यंत सरस और प्रभावी रहा. रचनापाठ करने वाली लेखिकाओं में सुनीता यादव, कल्पना विजयवर्गीय, वंदना गुप्ता, राजकुमारी चौकसे, सीमा शिवेंद्र, अनीता सक्सेना, मनोरमा श्रीवास्तव, डॉ. सीमा अग्रवाल, नीता श्रीवास्तव, प्रेमशीला, वंदना त्रिपाठी, डॉ. रंजना शर्मा, निमिषा गुप्ता, डॉ. नीता खरे, डॉ. नीलिमा रंजन, संध्या पुरी, डॉ. अल्पना वर्मा, संगीता भारद्वाज, डॉ. रेणु श्रीवास्तव, सुनीता शर्मा सिद्धि, बिंदु त्रिपाठी, सीमा अग्रवाल, चित्रा चतुर्वेदी और जया तागड़े प्रमुख रहीं. कार्यक्रम में डॉ. कुमकुम गुप्ता, सुमीत नायर, कुसुम श्रीवास्तव, उषा चतुर्वेदी, शालिनी खरे, नीना सिंह सोलंकी, वर्षा ढोबले, सुसंस्कृति सिंह, वी.एस. पाराशर, राजेश दुबे और मृदुल त्यागी सहित अनेक साहित्यकार उपस्थित रहे. कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती वंदना से हुआ, जिसे सुनीता शर्मा सिद्धि ने प्रस्तुत किया. संचालन नविता जौहरी ने तथा अंत में आभार प्रदर्शन सुधा दुबे ने किया.

# सांसद आलोक शर्मा को भोपाल गौरव सम्मान

## अभिनव कला परिषद, मधुवन के होली मिलन समारोह में कई विभूतियां सम्मानित

**भोपाल, 9 मार्च. सांस्कृतिक संस्था अभिनव कला परिषद द्वारा होली के अवसर पर सांस्कृतिक संध्या एवं सम्मान समारोह में भोपाल सांसद आलोक शर्मा सहित विभूतियों का सम्मान किया गया. श्यामला हिल्स के मानस भवन में बसंती बयार भरी शाम में लोकगीत संगीत, नृत्य और हास्य व्यंग्य से सराबोर रही.**

कार्यक्रम में सांसद शर्मा ने कहा कि देश में अगर कहीं कलाकारों का सबसे ज्यादा सम्मान हुआ है तो भोपाल में हुआ. मैं सीएम डॉ. मोहन यादव से व्यक्तिगत रूप से स्वर्गीय सुरेश तातेड़ जी के नाम पर सम्मान शुरू करने का प्रस्ताव रखूंगा. सांसद शर्मा ने कार्यक्रम में मौजूद महापौर मालती राय से नगर निगम द्वारा स्वर्गीय तांतेड़ जी के नाम एक-एक लाख रुपये के तीन सम्मान शुरू करने की सहमति ली. उन्होंने कहा कि संस्था के संस्थापक स्वर्गीय सुरेश तांतेड़ ने अतुलनीय योगदान देते हुए कलाकारों का किसी की तुलना में सर्वाधिक सम्मान किया है.



**पद्मश्री सहित विभूतियां हुईं सम्मानित**

अभिनव कला परिषद एवं मधुवन की ओर से सांस्कृतिक संध्या एवं सम्मान समारोह में कला संस्कृति एवं राजनीति सहित अन्य क्षेत्रों की विभूतियां को सम्मानित किया गया. शनिवार शाम मानस भवन स्थित सभागार में आयोजित 56वें सम्मान समारोह में भोपाल सांसद आलोक शर्मा को भोपाल गौरव सम्मान, चंद्रहास शुक्ल को बिजूका सम्मान, पद्मश्री कैलाशचंद पंत को अमृत अभिषेक सम्मान, पद्मश्री नारायण व्यास को शैल शिल्प मनीषी सम्मान से विभूषित किया गया.

अभिनव कला परिषद एवं मधुवन संस्था के सचिव एवं निदेशक अतुल सुरेश तांतेड़ ने बताया कि संस्था की 63वर्षों की गौरवशाली परंपरा को आगे बढ़ाते हुए प्रत्येक वर्ष की भांति आयोजन किया गया. कार्यक्रम में सांस्कृतिक प्रस्तुति 'बसंती ठंडाई की तरंग' में उज्जैन के लोक कलाकारों ने गीत, संगीत, नृत्य एवं हास्य-व्यंग्य की मनोहारी प्रस्तुतियों से माहौल को खुशनुमा बना दिया. उज्जैन से आए मालवा लोकनृत्य कलाकार गिरधारी लाल गहलोत की मंडली ने मनमोहक नृत्य की प्रस्तुति दी. कवि नितेश व्यास की कविताओं ने श्रोताओं को आनंदित कर दिया.

## जेएन भाया टी-20 क्रिकेट स्पर्धा आज से

**भोपाल, 9 मार्च.** मध्यप्रदेश क्रिकेट संघ द्वारा जे एन भाया टी-20 अंतर संभागीय, राज्य स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन भोपाल शहर के विभिन्न खेल मैदानों पर पहली बार आयोजित किया जा रहा. इस प्रतियोगिता में सभी संभागों की टीमें भाग लेंगी. प्रतियोगिता का उद्घाटन मंगलवार 10 मार्च को ध्रुव नारायण सिंह अध्यक्ष भोपाल संभाग क्रिकेट संघ के मुख्य आतिथ्य और शांति कुमार जैन सचिव भोपाल संभाग क्रिकेट संघ की उपस्थिति में बिशन खेड़ी ग्राउंड एयरपोर्ट के पास पर होगा.

मंगलवार को ओएफसीए खेल मैदान पर सुबह 9 बजे से भोपाल संभाग विरुद्ध सागर संभाग, सबरी इंटरनेशनल स्कूल मैदान पर सुबह 9 बजे से ग्वालियर संभाग विरुद्ध नर्मदापुरम संभाग, इसी दिन दोपहर एक बजे से इंदौर संभाग विरुद्ध चंबल संभाग के बीच मैच खेला जाएगा.


इसके अलावा फेथ मैदान पर सुबह 9 बजे से शहडोल संभाग विरुद्ध जबलपुर संभाग एवं दोपहर 1 बजे से उज्जैन संभाग विरुद्ध रीवा संभाग के बीच मैच खेला जाएगा.

# सवा करोड़ पार्थिव शिवलिंग निर्माण 12 से 18 मार्च तक

**बिट्टन मार्केट दशहरा मैदान में होगा आयोजन**

**भोपाल, 9 मार्च. विश्व कल्याण एवं प्रदेश के जनकल्याण की मंगल कामना के साथ राजधानी भोपाल के दशहरा मैदान बिट्टन मार्केट में 12 से 18 मार्च तक 137वाँ सवा करोड़ पार्थिव शिवलिंग निर्माण, महारुद्राभिषेक, श्रीमद्भागवत कथा तथा अठारह पुराणों के वाचन का आयोजन किया जा रहा है.**

यह आयोजन गृहस्थ संत पंडित देव प्रभाकर शास्त्री 'दद्दाजी' के ज्येष्ठ पुत्र गृहस्थ संत डॉ. अनिल प्रभाकर शास्त्री 'बड़े भैया सरकार' के सान्निध्य में संपन्न होगा. आयोजन समिति के अनुसार 7 दिन तक चलने वाले इस अनुष्ठान में प्रतिदिन पार्थिव शिवलिंग निर्माण, महारुद्राभिषेक, हवन, भजन-कीर्तन और श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन किया जाएगा. इस अवसर पर श्रद्धालुओं द्वारा पार्थिव शिवलिंग




निर्माण कर भगवान शिव का पूजन-अर्चन किया जाएगा तथा महारुद्राभिषेक के माध्यम से विश्व शांति और समाज के कल्याण की प्रार्थना की जाएगी. आयोजन स्थल पर प्रतिदिन भंडारे की व्यवस्था भी की गई है. भजन मंडलियों द्वारा सुबह और शाम भक्ति संगीत की प्रस्तुतियां दी जाएंगी. आयोजन समिति ने बताया कि पार्थिव शिवलिंग निर्माण, रुद्राभिषेक तथा हवन के लिए आवश्यक सामग्री यज्ञ स्थल पर श्रद्धालुओं को नि:शुल्क उपलब्ध कराई जाएगी. यह धार्मिक आयोजन दद्दा जी शिष्य परिवार, भोपाल एवं भारतवर्ष द्वारा आयोजित किया जा रहा है.

**आयोजन** | **बैंक ऑफ इंडिया में मनाया अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस**

# मनोरंजक स्पर्धाएं हुईं, विजेताओं को दिए इनाम

**भोपाल, 9 मार्च.** बैंक ऑफ इंडिया के भोपाल अंचल में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस उत्साह के साथ मनाया गया. कार्यक्रम में बैंक की महिला अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित थे. कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में आंचलिक प्रबंधक बिकास रंजन पट्नायक की पत्नी सुश्रितादास पट्नायक, डॉ. अनुपा वालिया उपस्थित रहीं.

अतिथियों का स्वागत उपआंचलिक प्रबंधक संगीता गुप्ता द्वारा किया गया. उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि बैंक ऑफ इंडिया अपने महिला कर्मचारियों के स्वास्थ्य एवं समग्र कल्याण के प्रति सदैव



सजग और प्रतिबद्ध है तथा संस्थान महिलाओं के सशक्तिकरण और उनके संतुलित जीवन को प्रोत्साहित करने के लिए निरंतर प्रयासरत है.

कार्यक्रम के विशेष सत्र में डॉ. अनुपा वालिया ने विभिन्न आयु वर्ग की महिलाओं के हार्मोनल स्वास्थ्य के महत्व पर विस्तृत जानकारी दी. उन्होंने विशेष रूप से गर्भावस्था से पूर्व एवं पश्चात स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहने की आवश्यकता पर उपयोगी सुझाव साझा किए.

कार्यक्रम के दौरान विभिन्न मनोरंजक खेलों का आयोजन भी किया गया. विजेताओं को उपहार प्रदान किए गए, जिनका वितरण आंचलिक प्रबंधक आंचलिक प्रबंधक बिकास रंजन पट्नायक द्वारा किया गया. उन्होंने कार्यक्षेत्र में महिलाओं के योगदान की सराहना करते हुए उन्हें निरंतर आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया.





